
# बेहतर कनेक्टिविटी से लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट सेवाएं सस्ती : नंदी

## नंदी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर में की मुलाकात



लखनऊ। प्रदेश सरकार के कैबिनेट एवं औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नागपुर में दो दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी भी थीं।

नंदी ने डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर को श्रद्धांजलि दी।

नंदी ने प्रयागराज में लगभग 100 करोड़ की लागत से स्वीकृत 2.2 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के लिए प्रयागराजवासियों की ओर से गडकरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रयागराज के धार्मिक पर्यटन में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि रोड कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है।

बेहतर कनेक्टिविटी ने ट्रांसपोर्टेशन एवं लॉजिस्टिक सेवाओं को सस्ता व सुलभ बनाया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कनेक्टिविटी को और भी बेहतर बनाने के लिए भविष्य में भी हर प्रकार के सहयोग व प्रोत्साहन का आश्वासन दिया। ब्यूरो